Focused topics of Sanskrit for class XI

विद्यार्थियों के लिए अवश्य ध्यातव्य विषय
कक्षा एकादश
विषय संस्कृत

1.छात्रों को अपठित अनुच्छेद पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह 10 अंक का प्रश्न होता है । इसमें तनिक सावधानी रखने से 8 से 9 अंक तक आसानी से पाए जा सकते हैं।

2. दूसरा पत्र -लेखन का है जो अपेक्षाकृत आसान होता है। और यदि विद्यार्थी प्रश्न की भाषा को समझ ले, तो बड़ी आसानी से मंजूषा की सहायता से पत्र- लेखन कर सकता है और उसमें 5 अंक ले सकता है।

3.पाठ्यपुस्तक के गद्यांशों में "शुकशावको दन्त:" और "संगीतानुरागी सुब्बण्ण:" पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

4.पाठ्यपुस्तक के पद्यांशों में "कुशलप्रशासनम्" और "सूक्ति- सुधा" पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

5.श्लोकों के अन्वय भावार्थ की तुलना में आसान होते हैं। इसलिए अन्वयों का अभ्यास करने से उसमें भी अंक लाए जा सकते हैं।

6.पाठ्यपुस्तक के नाट्यांशों में "वीर: सर्वदमन:" और "वस्त्र- विक्रय:" पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

7.व्याकरण में पाठ पर आधारित सन्धि, शब्दरूप- प्रयोग, धातुरूप- प्रयोग और प्रत्यय- प्रयोग पर ध्यान केंद्रित करने से आसानी से 12 अंक लिए जा सकते हैं ।

8.11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत साहित्य का इतिहास नया विषय है।यदि इस अंश में बच्चे संस्कृत शब्द की व्युत्पत्ति, वेदों की संख्या और नाम, उपनिषदों की संख्या, पुराणों की संख्या, रामायण और महाभारत के लेखकों के नाम, पाठ्य पुस्तक के पाठ जिन जिन ग्रंथों से लिए गए हैं और जिन कवियों ने लिखे हैं उनका नाम, गद्यकाव्य,पद्य- काव्य और नाटक आदि की सामान्य विशेषता याद कर लें तो यहां भी 10 अंक आसानी से लिए जा सकते हैं।